40 वर्ष की हुईं दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण का जन्म 05 जनवरी 1986 को हुआ. दीपिका के पिता प्रकाश पादुकोण देश के मशहूर बैडमिंटन खिलाड़ी रह चुके है.दीपिका ने अपने करियर की शुरूआत मॉडलिंग से की. वर्ष 2006 में प्रदर्शित कन्नड़ फिल्म ऐश्वर्या से दीपिका ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की.

वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म ओम शांति ओम से दीपिका ने बॉलीवुड में भी कदम रख दिया.फराह खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दीपिका ने दोहरी भूमिका निभाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया.इस फिल्म में दीपिका के अपोजिट शाहरूख खान थे. शाहरूख-दीपिका की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया.साथ हीं फिल्म भी सुपरहिट साबित हुयी.इस फिल्म के लिये दीपिका को फिल्मफेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया.

वर्ष 2008 में दीपिका की बचना ऐ हसीनो प्रदर्शित हुयी.इस फिल्म में दीपिका की जोड़ी रणबीर कपूर के साथ थी. फिल्म टिकट खिड़की पर औसत सफलता हीं हासिल कर सकी. इसके बाद दीपिका की चांदनी चैक टु चाइना और कार्तिक कॉलिंग कार्तिक जैसी फिल्में प्रदर्शित हुयी जो बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नही दिखा सकी.

वर्ष 2010 में दीपिका पादुकोण के करियर की एक और सुपरहिट फिल्म हाउसफुल प्रदर्शित हुयी. साजिद खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कामयाबी दीपिका पादुकोण एक बार फिर से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब रही.हालांकि इसी वर्ष प्रदर्शित फिल्म खेले हम जी जान से]लफंगे परिन्दे और ब्रेक के बाद टिकट खिड़की पर कोई कमाल नही दिखा सकी.

वर्ष 2011 में प्रदर्शित फिल्म दम मारो दम में दीपिका पादुकोण ने आइटम नंबर ..दम मारो दम मिट जाये गम ..के जरिये दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया.वर्ष 2012 में प्रदर्शित फिल्म कॉकटेल दीपिका के करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है.इस फिल्म में दीपिका की जोड़ी सैफ अली खान के साथ काफी पसंद की गयी.इस फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये दीपिका सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिये नामांकित भी की गयी.

वर्ष 2013 दीपिका के करियर के लिये सबसे बेहतरीन वर्ष साबित हुआ.

झइस वर्ष दीपिका की रेस 2.ये जवानी है दीवानी,चेन्नई एक्सप्रेस और गोलियों की रासलीला रामलीला जैसी फिल्में प्रदर्शित हुयी और सभी फिल्मों ने टिकट खिड़की पर 100 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई की.

25 साल बाद लौटेगा 'नायक'

बॉलीवुड की यादगार फिल्मों में शुमार 'नायक: द रियल हीरो' अब एक बार फिर चर्चा में है. साल 2001 में रिलीज़ हुई इस फिल्म ने भले ही उस समय औसत कारोबार किया हो, लेकिन समय के साथ यह एक कल्ट क्लासिक बन गई. अब, 25 साल बाद इस फिल्म का सीक्वल बनने जा रहा है, जिसे लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है.

फिल्म के प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने 'नायक 2' को लेकर आधिकारिक तौर पर पुष्टि कर दी है. एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो चुका है और यह फिल्म अनिल कपूर के साथ मिलकर प्रोड्यूस की जाएगी. खास बात यह है कि अनिल कपूर न सिर्फ फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे, बल्कि इसमें एक्टिंग करते हुए भी नजर आएंगे.

प्रोड्यूसर के मुताबिक, फिल्म इस वक्त स्क्रिप्टिंग

स्टेज में है. स्क्रिप्ट पूरी तरह लॉक होने के बाद ही शूटिंग शुरू की जाएगी. दीपक मुकुट ने इसे एक 'लीगेसी प्रोजेक्ट' बताते हुए कहा कि हर फिल्म का अपना सही समय होता है और उन्हें लगता है कि 'नायक' की कहानी को आगे बढ़ाने का यही सही वक्त है. 'नायक' असल में मशहूर तमिल डायरेक्टर शंकर की फिल्म 'मुधलवन' का हिंदी रीमेक थी. फिल्म में रानी मुखर्जी, परेश रावल, अमरीश पुरी, जॉनी लीवर और सौरभ शुक्ला जैसे दमदार कलाकार नजर आए थे.

'ईठा' और 'नागिन' से बदलेगा श्रद्धा का गेम प्लान

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर अपने करियर के एक बेहद दिलचस्प दौर में हैं. साल 2026 में रिलीज होने वाली उनकी दो फिल्में न सिर्फ बड़ी होंगी, बल्कि उनके अभिनय की अलग-अलग परतों को भी सामने लाएंगी.

श्रद्धा इस वक्त डांस बायोपिक 'ईठा' और फैंटेसी फिल्म 'नागिन' पर काम कर रही हैं. डांस बायोपिक 'ईठा' का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं. यह फिल्म मशहूर मराठी लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की जिंदगी पर आधारित है. इस फिल्म में श्रद्धा कपूर एक ऐसी कलाकार का किरदार निभा रही हैं, जिन्होंने मराठी लोक कला को नई पहचान दिलाई. इस रोल के लिए श्रद्धा ने खास डांस ट्रेनिंग ली है और कई महीनों तक कड़ी मेहनत की है.

शूटिंग के दौरान एक डांस सीक्वेंस में श्रद्धा को चोट भी लगी थी, जिसकी वजह से कुछ समय के लिए शूट रोकना पड़ा. हालांकि, अब मेकर्स को पूरा भरोसा है कि फिल्म की शूटिंग मार्च 2026 के आखिर तक पूरी हो जाएगी. 'ईठा' के बाद श्रद्धा बिना ज्यादा ब्रेक लिए अपनी दूसरी फिल्म 'नागिन' की शूटिंग शुरू करेंगी. इस फिल्म में वह एक रहस्यमयी और फैंटेसी से भरपूर किरदार में नजर आएंगी, जो उनके करियर का अब तक का सबसे अलग रोल माना जा रहा है. श्रद्धा ने इससे पहले इस तरह का किरदार कभी नहीं निभाया है. 'नागिन' को लेकर मेकर्स वीएफएक्स, लुक और कास्टिंग पर खास ध्यान दे रहे हैं, ताकि यह फिल्म दर्शकों के लिए एक विजुअल ट्रीट साबित हो सके.

'हक' एक ऐसी फिल्म जो जवाब नहीं, सवाल छोड़ती है : इमरान

इमरान हाशमी और यामी गौतम स्टारर फिल्म 'हक' अब थिएटर के बाद नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर हो चुकी है. यह फिल्म अपने रिलीज के बाद से ही अपनी गंभीर कहानी, मजबूत परफॉर्मेंस और समाज के संवेदनशील मुद्दों को उठाने के लिए सराही जा रही है. रिलीज के मौके पर इमरान हाशमी ने फिल्म में अपने किरदार मोहम्मद अब्बास खान को लेकर खुलकर बात की.



उन्होंने बताया कि इस रोल को निभाना आसान नहीं था, क्योंकि यह किरदार न तो पूरी तरह सही है और न ही पूरी तरह गलत. इमरान के मुताबिक, यही बात उन्हें इस स्क्रिप्ट की ओर खींच लाई. इमरान ने कहा कि 'हक' की सबसे बड़ी ताकत यह है कि यह दर्शकों को किसी नतीजे पर नहीं पहुंचाती, बल्कि सोचने के लिए छोड़ देती है. उनका किरदार अपने फैसलों को सही मानता है—कानूनी और नैतिक दोनों तौर पर. लेकिन यही आत्मविश्वास धीरे-धीरे खतरनाक रूप ले लेता है.यामी गौतम के साथ काम करने के अनुभव को लेकर भी इमरान ने काफी तारीफ की. उन्होंने कहा कि यामी बिना ज्यादा डायलॉग्स के, सिर्फ नजरों और खामोशी से सीन में टेंशन पैदा कर देती हैं. दोनों के बीच के सीन में जो पावर डायनामिक नजर आता है, वह कहानी को और ज्यादा रियल बनाता है.

हैप्पी पटेल का रोमांटिक गाना 'चांटा तेरा' रिलीज

आमिर खान प्रोडक्शंस ने अपनी आने वाली फिल्म हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस का नया गाना 'चांटा तेरा' रिलीज़ कर दिया है. वीर दास और मिथिला पालकर पर फिल्माया गया यह गाना अपने मज़ेदार और अलग अंदाज़ के साथ फिल्म के मूड से पूरी तरह मेल खाता है.आम तौर पर बॉलीवुड के लव सॉन्ग्स में बड़े-बड़े इशारे और ड्रामेटिक बातें होती हैं, लेकिन 'चांटा तेरा' इससे बिल्कुल अलग है. यह गाना प्यार को उसके सबसे आसान और अपने जैसे अंदाज़ में दिखाता है. इस गाने को आईपी सिंह और नुपूर खेडकर ने गाया है. निर्देशक और अभिनेता दोनों रूपों में वीर दास अपनी अलग तरह की चुलबुली कॉमेडी लेकर आए हैं.

ये रिश्ता क्या कहलाता है में हाई-वोल्टेज कोर्ट ड्रामा

ये रिश्ता क्या कहलाता है में आने वाला एपिसोड दर्शकों के लिए हाई-वोल्टेज ड्रामा लेकर आ रहा है. कहानी के मुताबिक, अरमान और अभिरा सुनवाई के लिए कोर्ट पहुंचते हैं, जहां मेहर मित्तल भी अपने पिता के साथ मौजूद होती है. अरमान मेहर को बचाने के लिए पूरी तैयारी के साथ आता है और कोर्ट में मजबूती से अपनी दलीलें रखता है. सुनवाई शुरू होते ही डिफेंस वकील भी आक्रामक रुख अपनाता है. वह कोर्ट में यह साबित करने की कोशिश करता है कि मेहर को गुस्से की समस्या है और उसी गुस्से में उसने अपने ड्राइवर की हत्या कर दी. यह आरोप अरमान को अंदर तक हिला देता है. डिफेंस वकील की बातों से माहौल इतना गरम हो जाता है कि बहस हाथापाई की कगार तक पहुंच जाती है. गुस्से में आकर अरमान सामने वाले वकील का गिरेबान पकड़ लेता है. यह सब देखकर कोर्ट में मौजूद लोग और खासकर अभिरा सन्न रह जाती है. वह चाहकर भी अरमान को रोक नहीं पाती.

मुंबई छोड़ अहमदाबाद लौटेगी अनुपमा

अनुपमा के आने वाले एपिसोड में दर्शकों को जबरदस्त ट्विस्ट देखने को मिलने वाला है. कहानी के मुताबिक, भारती की शादी के बाद ससुराल पहुंचते ही उसे पता चल जाता है कि रजनी ने अनुपमा से धोखे से गलत कागज़ों पर साइन करवा लिए हैं. भारती इस सच्चाई को अनुपमा तक पहुंचाने की कोशिश करती है, लेकिन रजनी उसे चुप करा देती है. इसी बीच राही को इस पूरे मामले की भनक लग जाती है. राही बिना देर किए अनुपमा को सच्चाई बता देती है. जैसे ही अनुपमा को पता चलता है कि उसकी अपनी सहेली ने उसके साथ ऐसा किया है, उसके पैरों तले जमीन खिसक जाती है. उसे यकीन ही नहीं होता कि जिस इंसान पर उसने सबसे ज्यादा भरोसा किया, वही उसे धोखा दे सकता है जल्द ही अनुपमा और रजनी का आमना-सामना होगा. इस बातचीत के दौरान अनुपमा को रजनी और पराग के रिश्ते की सच्चाई भी पता चलेगी.

कलाकारों ने हॉबी मंथ में बताए अपने पसंदीदा शौक

जनवरी को हॉबी मंथ के रूप में मनाया जाता है. यह महीना हमें याद दिलाता है कि भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच थोड़ा रुककर उन कामों के लिए समय निकालें, जो हमें खुशी, सुकून और रचनात्मक ऊर्जा देते हैं. इस अवसर पर एण्डटीवी के लोकप्रिय कलाकारों ने अपने पसंदीदा शौक के बारे में खुलकर बात की. इन कलाकारों में शामिल हैं- प्रियंवदा कांत ('घरवाली पेड़वाली' की लतिका), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और शिल्पा शिंदे ('भाबीजी घर पर हैं 2.0' की अंगूरी भाबी). प्रियंवदा कांत, जो 'घरवाली पेड़वाली' में लतिका का किरदार निभा रही हैं, ने बताया, 'डीआइवाय क्राफ्टिंग मेरी सबसे पसंदीदा हॉबी है. मुझे अपने हाथों से चीजें बनाना बहुत अच्छा लगता है- चाहे वो घर की सजावट हो, छोटे एक्सेसरीज हों या त्योहारों की सजावट. बचपन से ही मुझे यह शौक है. मुझे याद है कि दिवाली पर मैं अपनी मां के साथ ग्रीटिंग कार्ड और पेपर लैटर्न्स बनाती थी.

शरारत सॉन्ग मैं बिल्कुल तैयार नहीं थी : क्रिस्टल

टीवी की दुनिया से लेकर बड़े पर्दे तक अपनी पहचान बना चुकीं क्रिस्टल डिसूजा इन दिनों फिल्म 'धुरंधर' के हिट गाने 'शरारत' को लेकर चर्चा में हैं. इस गाने में उनका डांस और रणवीर सिंह के साथ उनकी केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आ रही है. लेकिन इस शानदार परफॉर्मेंस के पीछे की कहानी पूरी तरह अनएक्सपेक्टेड थी.

एक इंटरव्यू में क्रिस्टल ने खुलासा किया कि म्यूजिक लॉन्च इवेंट के दौरान वह बिल्कुल भी परफॉर्म करने के मूड में नहीं थीं. उनका कहना है कि उन्हें सिर्फ इतना बताया गया था कि उन्हें स्टेज के सामने बैठकर गाने का आनंद लेना है. यहां तक कि उन्होंने साड़ी भी सिर्फ ऐसे ही पहन ली थी, बिना किसी खास प्लान के. क्रिस्टल ने बताया कि जब इवेंट चल रहा था, तभी रणवीर सिंह ने अचानक उनका हाथ पकड़ा और कहा— 'यह तुम्हारा गाना है, चलो स्टेज पर चलते हैं.' उस पल के लिए वह बिल्कुल तैयार नहीं थीं और खुद से यही सोच रही थीं कि आखिर हो क्या रहा है. हालांकि, जैसे ही वह स्टेज पर पहुंचीं, सब कुछ बदल गया.

क्रिस्टल के मुताबिक, रणवीर सिंह की एनर्जी, उनकी वाइब और उनका औरा इतना जबरदस्त है कि सामने वाला खुद-ब-खुद उसी फ्लो में आ जाता है. उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा महसूस ही नहीं हुआ कि वह किसी स्टेज पर परफॉर्म कर रही हैं, बल्कि ऐसा लगा जैसे वह किसी क्लब में मस्ती से डांस कर रही हों. क्रिस्टल ने यह भी माना कि रणवीर सिंह की एनर्जी का लेवल बिल्कुल अलग है, लेकिन उन्होंने पूरी कोशिश की कि उस पल को पूरी तरह एंजॉय करें. और शायद यही वजह है कि उनका यह डांस इतना नेचुरल और रियल नजर आया.

झआज 'शरारत' गाना न सिर्फ चार्ट्स में टॉप कर रहा है, बल्कि क्रिस्टल डिसूजा के करियर के यादगार पलों में भी शामिल हो चुका है.

ऑटोमोबाइल

टाटा पंच फेसलिफ्ट में मिलेगा टर्बो इंजन

13 जनवरी को होगी औपचारिक लॉन्चिंग

देश की प्रमुख वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स भारतीय बाजार में अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन पंच के फेसलिफ्ट संस्करण को लॉन्च करने की तैयारी कर चुकी है. लॉन्च से पहले कंपनी ने इस वाहन का नया टीज़र जारी किया है, जिससे इसके इंजन और फीचर्स से जुड़ी कई अहम जानकारियां सामने आई हैं. कंपनी ने साफ कर दिया है कि टाटा पंच फेसलिफ्ट को 13 जनवरी को औपचारिक रूप से भारतीय बाजार में उतारा जाएगा.

नए टीज़र के अनुसार, टाटा पंच फेसलिफ्ट में पहली बार टर्बो पेट्रोल इंजन दिया जाएगा, जिससे इसकी परफॉर्मेंस पहले से कहीं अधिक दमदार हो जाएगी. इस इंजन के साथ छह स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन मिलने की पुष्टि भी टीज़र में की गई है. यह बदलाव खास तौर पर उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर किया गया है, जो बेहतर पावर और ड्राइविंग अनुभव की तलाश में रहते हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाटा पंच फेसलिफ्ट के पेट्रोल वेरिएंट में 1.2 लीटर क्षमता का टर्बो इंजन दिया जा सकता है. यह वही इंजन हो सकता है, जिसे टाटा अल्ट्रोज में भी इस्तेमाल किया जा रहा है. इस इंजन से करीब 118 बीएचपी की पावर और 170 न्यूटन मीटर का टॉर्क मिलने की संभावना है, जिससे यह गाड़ी अपने सेगमेंट में और अधिक प्रतिस्पर्धी बन जाएगी.

फीचर्स की बात करें तो टाटा पंच फेसलिफ्ट में कई आधुनिक और प्रीमियम सुविधाएं जोड़ी जाएंगी. इसमें बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, पूरी तरह डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, 360 डिग्री कैमरा, हिल डिसेंट कंट्रोल, 65 वाट टाइप सी फास्ट चार्जिंग पोर्ट और एडवांस सेफ्टी फीचर्स शामिल हो सकते हैं. ये सभी फीचर्स इसे युवाओं और शहरी ग्राहकों के लिए और आकर्षक बनाएंगे.

प्रीमियम फीचर्स के साथ निसान टेक्टॉन

जापानी वाहन निर्माता निसान भारत में अपनी नई मिड-साइज स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन टेक्टॉन को लॉन्च करने की तैयारी में है. लॉन्च से पहले कंपनी ने सोशल मीडिया के ज़रिए इस एसयूवी का नया टीज़र जारी किया है, जिसमें इसके फ्रंट से लेकर रियर तक के डिजाइन की साफ झलक देखने को मिल रही है. यह टीज़र अब तक का सबसे स्पष्ट संकेत माना जा रहा है, जिससे वाहन प्रेमियों में उत्सुकता और बढ़ गई है.

निसान टेक्टॉन को कंपनी की फ्लैगशिप एसयूवी निसान पेट्रोल से प्रेरित डिजाइन पर तैयार किया गया है. टीज़र में सामने की ओर बड़ी क्रोम फिनिश ग्रिल दिखाई गई है, जिसमें दोनों ओर कनेक्टेड एलईडी हेडलैंप और एलईडी डे-टाइम रनिंग लाइट्स दी गई हैं. फ्रंट ग्रिल पर बड़े अक्षरों में टेक्टॉन की ब्रांडिंग की गई है, जो इसे एक दमदार पहचान देती है. साइड प्रोफाइल की बात करें तो इसमें उभरे हुए व्हील आर्च, मल्टी-स्पोक अलॉय व्हील और मजबूत बॉडी लाइन्स दिखाई देती हैं.

वहीं पीछे की ओर सी-आकार की कनेक्टेड एलईडी टेल लाइट्स, बीच में निसान का लोगो और निचले हिस्से में एक बार फिर टेक्टॉन की ब्रांडिंग दी गई है. रियर स्पॉयलर इसे स्पोर्टी लुक प्रदान करता है.

फीचर्स की बात करें तो निसान टेक्टॉन में प्रीमियम इंटीरियर दिए जाने की उम्मीद है. इसमें बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, पैनोरमिक सनरूफ, वेंटिलेटेड सीटें, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, एलईडी लाइटिंग और आधुनिक कनेक्टिविटी फीचर्स शामिल हो सकते हैं. सुरक्षा के लिहाज से भी इसमें कई एडवांस फीचर्स दिए जाने की संभावना है.

हालांकि कंपनी ने अब तक इसकी लॉन्च तिथि की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन ऑटो उद्योग से जुड़े सूत्रों के अनुसार इसे फरवरी से मार्च के बीच भारतीय बाजार में उतारा जा सकता है. निसान टेक्टॉन को मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट में पेश किया जाएगा, जहां इसका मुकाबला हुंडई क्रेटा, किया सेल्टोस, होंडा एलीवेट, महिंद्रा स्कॉर्पियो और टाटा हैरियर जैसी लोकप्रिय एसयूवी से होगा. कुल मिलाकर, निसान टेक्टॉन अपने दमदार डिजाइन, प्रीमियम फीचर्स और आधुनिक तकनीक के दम पर भारतीय बाजार में निसान की स्थिति को और मजबूत करने की कोशिश करेगी.

सर्दियों में कार स्टार्ट न हो तो अपनाएं ये आसान उपाय



भारत के उत्तरी राज्यों में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है और ऐसे मौसम में कार को स्टार्ट करना कई बार मुश्किल भरा काम बन जाता है. खासकर सुबह के समय जब तापमान बहुत कम होता है, तब इंजन को स्टार्ट करने में देर हो जाती है या कभी-कभी कार स्टार्ट ही नहीं होती. इस समस्या से बचने के लिए कार मालिकों को कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना आवश्यक है.

सबसे पहला उपाय है कि कार को कवर्ड पार्किंग में ही पार्क किया जाए. जब कार खुले में खड़ी रहती है और तापमान बहुत कम होता है, तो इंजन और बैटरी का तापमान गिर जाता है, जिससे कार को स्टार्ट करना कठिन हो जाता है. कवर्ड पार्किंग में रखकर कार का तापमान सामान्य रखा जा सकता है, जिससे आसानी से स्टार्ट किया जा सके. सर्दियों में बैटरी का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है. पुरानी या कम इस्तेमाल वाली कार की बैटरी जल्दी खराब हो सकती है. बैटरी में पानी की जांच करें और जरूरत पड़ने पर उसे टॉप-अप करें. इसके अलावा बैटरी टर्मिनल पर जंग नहीं लगना चाहिए. अक्सर लोग इंजन को साफ करने के लिए पानी का उपयोग करते हैं, जिससे बैटरी टर्मिनल पर जंग लग सकता है और बैटरी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पाती. इसलिए बैटरी टर्मिनल को साफ और सूखा रखना आवश्यक है. सर्दियों में यह भी सलाह दी जाती है कि कार में जंपर केबल हमेशा रखें. अगर सुबह कार स्टार्ट नहीं होती और आप घर से बाहर हैं, तो किसी दूसरी कार की मदद लेकर जंपर केबल से बैटरी चार्ज कर सकते हैं और कार आसानी से स्टार्ट हो जाएगी. यह उपाय खासकर उन इलाकों में बहुत उपयोगी है जहां तापमान बहुत कम रहता है और बैटरी जल्दी कमजोर हो जाती है.इन उपायों के अलावा यह भी ध्यान रखें कि कार का नियमित सर्विसिंग और इंजन ऑयल की सही क्वालिटी उपयोग करने से भी सर्दियों में कार स्टार्ट करने में आसानी रहती है.

भारत में आई डुकाटी की नई सुपरबाइक

इटली की प्रीमियम मोटरसाइकिल निर्माता कंपनी डुकाटी ने भारत में अपनी अब तक की सबसे खास और ट्रैक-केंद्रित सुपरबाइक पैनिगाले वी4 आर को लॉन्च कर दिया है. यह बाइक आम सड़क उपयोग से कहीं आगे जाकर सीधे रेसिंग तकनीक का प्रदर्शन करती है. कंपनी के अनुसार, पैनिगाले वी4 आर डुकाटी की रेसिंग विरासत का शुद्धतम रूप है, जिसे वर्ल्ड सुपरबाइक चैम्पियनशिप को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है.

भारत में वर्ष 2025 मॉडल पैनिगाले वी4 आर की पहली डिलीवरी एक जनवरी 2026 को डुकाटी चेन्नई द्वारा की गई है. इसके साथ ही देशभर की सभी डुकाटी डीलरशिप्स पर इसकी बुकिंग शुरू कर दी गई है. यह बाइक लिमिटेड और नंबरड सीरीज़ में आती है, जिसमें हर यूनिट पर उसका सीरियल नंबर खुदा होता है, जिससे इसकी कलेक्टर वैल्यू और बढ़ जाती है.

डुकाटी पैनिगाले वी4 आर में 998 सीसी क्षमता का डेस्मोसेडिची स्ट्राडाले आर वी4 इंजन दिया गया है, जो सीधे डुकाटी कोर्से के मोटो जीपी और वर्ल्ड सुपरबाइक कार्यक्रम से लिया गया है. यह इंजन 15,750 आरपीएम पर 218 हॉर्स पावर की ताकत देता है. वैकल्पिक रेसिंग एग्जॉस्ट के साथ इसकी पावर बढ़कर 235 हॉर्स पावर तक पहुंच जाती है, जबकि फुल रेस ट्रिम में यह 239 हॉर्स पावर पैदा करती है. यह बाइक छठे गियर में 16,500 आरपीएम तक जाती है और रेस ट्रिम में 330 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार हासिल करने में सक्षम है. इस सुपरबाइक की सबसे बड़ी खासियत इसकी मोटो जीपी से प्रेरित एयरोडायनामिक तकनीक है. यह दुनिया की पहली रोड लीगल बाइक है, जिसमें कॉर्नर साइडपॉड्स दिए गए हैं. इसके साथ बड़े बाइप्लेन विंग्स लगाए गए हैं, जो 270 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पर 25 प्रतिशत अधिक डाउनफोर्स पैदा करते हैं.